दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-13, अंक-281 वीरवार 10 अक्टूबर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

अग्रवाल कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

बल्लबगढ़, 09 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। बुधवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में बी ए और एम ए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान गवर्निंग बॉडी एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से कॉलेज में नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में आयोजित इस फ्रेशर पार्टी में अनेकानेक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते हुए अपने प्रतिभा का परिचय भी दिया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना एवं अर्थशास्त्र प्रवक्ता श्रीमती उषा चौधरी के स्वागत कथन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों से परिचित कराते हुए उन्हें अनुशासनपूर्ण व्यवहार तथा परीक्षाओं को भी गंभीरता से लेने को कहा इस रंगारंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार की प्रस्तुतियां दी निर्णायक मंडल में अंग्रेजी सहायक प्रवक्ता डॉ सारिका कार्जलिया एवं इतिहास सहायक प्रवक्ता डॉ सुप्रिया ढांडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर एवं मिस फ्रेशर का चुनाव किया गया। अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग के सभी प्रवक्ताओं के सहयोग से यह स्वागत पार्टी सफल एवं सार्थक सिद्ध हुई।

मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, वीरवार, 10 अक्टूबर 2024

www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक

अग्रवाल कॉलेज में किया गया फ्रेशर पार्टी का आयोजन

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

फरीदाबाद। अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में बीए और एमए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा 9 अक्टूबर 2024 को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान गवर्निंग बॉडी एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से कॉलेज में नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में आयोजित इस फ्रेशर पार्टी में अनेकानेक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते हुए अपने प्रतिभा का परिचय भी दिया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना एवं अर्थशास्त्र प्रवक्ता उषा चौधरी के स्वागत कथन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों से परिचित कराते हुए उन्हें अनुशासनपूर्ण व्यवहार तथा परीक्षाओं को भी गंभीरता से लेने को कहा।

इस रंगारंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार की प्रस्तुतियां दी निर्णायक मंडल में अंग्रेजी सहायक प्रवक्ता डॉ सारिका कार्जलिया एवं इतिहास सहायक प्रवक्ता डॉ सुप्रिया ढांडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर एवं मिस फ्रेशर का चुनाव किया गया। अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग के सभी प्रवक्ताओं के सहयोग से यह स्वागत पार्टी सफल एवं सार्थक सिद्ध हुई।